<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

38वीं वार्षिक आम बैठक: अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के द्वारा हरित ऊर्जा नेतृत्व के लिए दीर्घकालिक रोडमैप की रूपरेखा की प्रस्तुति

नई दिल्ली, 7 अगस्त 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज अपने कॉर्पोरेट कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी 38वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने की और इसमें निदेशक मंडल और शेयरधारकों ने भाग लिया।

अपने संदेश में, श्री दास द्वारा एक हरित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। उन्होंने कहा कि , "वित्तीय वर्ष 26 की पहली तिमाही के अनुसार ₹2.49 लाख करोड़ से अधिक की संस्वीकृति और ₹1.63 लाख करोड़ संवितरित करने के साथ, इरेडा द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन को सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाया जा रहा है।"



उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इरेडा को इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईएफसी) का दर्जा और बॉन्ड के लिए धारा 54ईसी कर छूट देकर इस कंपनी को मजबूत निवेशक जुड़ाव और प्रतिस्पर्धी वित्तपोषण के लिए तैयार किया है।

वित्तपोषण की उपलब्धियों के बारे में साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि, "वित्तीय वर्ष 2021 से हमारी ऋण बुक 29% सीएजीआर से बढ़ी है, और वित्तीय वर्ष 2026 की पहली तिमाही में ₹79,941 करोड़ तक पहुँच गई है। इस तिमाही के दौरान परिचालन लाभ में भी 49% वार्षिक वृद्धि के साथ मज़बूत गति देखी गई है।"

भविष्य के बारे में बात करते हुए, उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन, ई-मोबिलिटी और इथेनॉल जैसे उभरते क्षेत्रों में इरेडा के विस्तार के बारे में बात की, और साथ ही सौर, पवन, जलविद्युत, बायोमास और सह-उत्पादन सहित पारंपरिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में कंपनी के नेतृत्व को और अधिक मजबूत किया। उन्होंने डिजिटलीकरण के माध्यम से व्यापार में आसानी को बढ़ावा देने और कर्मचारी उत्पादकता में बढ़ोतरी के लिए स्वचालन और डेटा विश्लेषण में निवेश करने के बारे में भी ज़ोर दिया।

श्री दास ने इस बैठक के दौरान सभी शेयरधारकों के प्रश्नों का उत्तर दिया और पारदर्शिता और विश्वास को और अधिक मज़बूत किया।